


नवभारत
भोपाल, शुक्रवार 13 मार्च, 2026


### एक नजर में

## लोक अदालत में कर भुगतान का अंतिम मौका

**गुना।** नगर पालिका परिषद गुना के करदाताओं के लिए प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण चेतावनी जारी करते हुए आगाह किया है कि वे आगामी नेशनल लोक अदालत का लाभ उठाकर अपने बकाया करों का निपटारा तत्काल सुनिश्चित करें। डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी मंजुषा खत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन द्वारा निर्धारित आगामी 14 मार्च को आयोजित होने वाली लोक अदालत में नागरिकों को विभिन्न करों के अधिभार (सरचार्ज) में विशेष छूट प्रदान की जा रही है। उन्होंने शहरवासियों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाकर अपने संपत्ति कर और जलकर का अधिकतम भुगतान करें और शासन की रियायतों का लाभ लें। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति के पश्चात बकाया संपत्ति कर की राशि को लेकर नियम अत्यंत सख्त हो जाएंगे।

## जिला अस्पताल में तंबाकू मुक्त समाज का संकल्प

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निदेर्शानुसार एवं सीएमएचओ डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर के मार्गदर्शन में गुरुवार को जिला चिकित्सालय गुना में 'धूम्रपान निषेध दिवस' के अवसर पर राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत विविध जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को नशे के जाल से मुक्त कर स्वस्थ समाज की दिशा में अग्रसर करना रहा।


जागरूकता अभियान के साथ-साथ नियमों का उल्लंघन करने वालों पर प्रशासनिक सख्ती भी दिखाई गई। जिला नोडल अधिकारी विनीता सोनी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान अस्पताल परिसर और सार्वजनिक स्थलों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान तंबाकू नियंत्रण अधिनियम का उल्लंघन करते पाए जाने पर मौके पर ही 4 व्यक्तियों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई और कुल 200 रुपये का जुमार्ना अधिरोपित किया गया।

# तीन दिन पहले गुलाल से सराबोर थे जो चेहरे

## फंदे पर लटका मिला पति, बिस्तर पर थी पत्नि की लाश, आज प्लास्टिक में लिपटे देख नम हो गईं आँखें

नवभारत न्यूज

**गुना 12 मार्च। इंसानी रिश्तों और नियति के क्रूर खेल की एक ऐसी दास्तां गुना जिले के रुठियाई कस्बे से सामने आई है, जिसने सुनने वाले हर शख्स की रूह कपा दी है। अभी महज तीन दिन पहले ही तो चारों तरफ खुशियों के रंग बिखरे थे। रंगपंचमी का उल्लास था और बजरंगगढ़ की बीस भुजा कॉलोनी का रहने वाला 24 वर्षीय सूरज आदिवासी अपनी 23 वर्षीय पत्नी आरती के साथ जीवन के सबसे सुनहरे पल जी रहा था।**



सूरज ने बड़े चाव से आरती के चेहरे पर गुलाल मला था, हंसी-ठिठोली की थी और उन प्रेम भरे क्षणों के वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा किए थे। उन तस्वीरों को देखकर कोई कल्पना भी नहीं कर सकता था कि प्यार के उन रंगों के पीछे मौत का ऐसा काला साया छिपा बैठा है।

गुरुवार की सुबह जब रुठियाई के एक छोटे से कमरे का दरवाजा खुला, तो भीतर का मंजर देख लोगों का कलेजा मुंह को आ गया। जिन चेहरों पर तीन दिन पहले गुलाल की सुर्खी थी, वे आज सफेद पड़ चुके थे। आरती का बेजान शरीर फर्श पर पड़ा था और सूरज फंदे से झूल रहा था। सबसे ज्यादा हृदयविदारक दृश्य तब था जब अस्पताल ले जाने के लिए पुलिस ने उन देहों को प्लास्टिक में लपेटा। जो जोड़े कुछ दिन पहले सज-धजकर होली खेल रहे थे, उन्हें इस तरह बेजान और प्लास्टिक में लिपटा देख अस्पताल में मौजूद हर शख्स की आँखें छलक उठीं। सूरज और आरती की कहानी किसी फिल्मी पटकथा जैसी थी, लेकिन उसका अंत बेहद खौफनाक रहा। दोनों ने कुछ समय पहले ही समाज और परिवार की सहमति-असहमति के बीच प्रेम विवाह (लव मैरिज) किया था। दोनों एक-दूसरे के पूरक थे और गरीबी के बावजूद मेहनत-मजदूरी कर अपना छोटा सा संसार संवार रहे थे। मजदूरी के ही सिलसिले में वे कुछ दिनों पहले रुठियाई आए थे। सबसे मार्मिक बात यह है कि आरती गर्भवती थी। सूरज और आरती के जीवन में एक नन्हा मेहमान आने वाला था, जिसे लेकर दोनों ने न जाने कितने सपने बुने होंगे। लेकिन उन सपनों के हकीकत बनने से पहले ही यह परिवार काल के गाल में समा गया।

**वह खौफनाक सुबह और भाई की चीख**

घटना का खुलासा गुरुवार की सुबह तब हुआ जब सूरज के भाई ने कमरे के भीतर झांका। कमरे के भीतर सन्नाटा पसरा था, लेकिन वह सन्नाटा चीख-चीखकर किसी अनहोनी की गवाही दे रहा था। भाई ने देखा कि उसकी भाभी आरती फर्श पर पड़ी है और भाई सूरज फंदे पर लटका है। उसकी चीख सुनकर आसपास के लोग जमा हो गए और पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस जब मौके पर पहुँची तो उसे संघर्ष के कोई स्पष्ट निशान नहीं मिले, जिससे प्राथमिक तौर पर यह माना जा रहा है कि सूरज ने पहले अपनी गर्भवती पत्नी का गला दबाकर उसकी हत्या की और फिर खुद भी मौत को गले लगा लिया।

**पोस्टमार्टम और सिसकती संवेदनाएं**

पुलिस ने दोनों शवों को जिला अस्पताल पहुँचाया, जहाँ गुरुवार दोपहर को उनका पोस्टमार्टम किया गया। मचुर्री के बाहर खड़े परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। वे बार-बार सूरज के उन आखिरी वीडियो को देख रहे थे जो अब केवल यादों का हिस्सा रह गए हैं। अस्पताल में मौजूद लोगों ने बताया कि जब शवों को पोस्टमार्टम के बाद एम्बुलेंस में रखा जा रहा था, तो हर किसी की जुबान पर एक ही बात थी— कल तक जो साथ थे, आज वे साथ चले गए, पर पीछे कई जिंदगियों को उजाड़ गए। पुलिस अब इस मामले की हर कोण से जांच कर रही है। मोबाइल रिकॉर्ड्स और हाल के दिनों में उनके संपर्क में रहे लोगों से पूछताछ की जा रही है ताकि उस 'वजह' तक पहुँचा जा सके जिसने इस हंसते-खेलते परिवार को खत्म कर दिया। फिलहाल, रुठियाई और बजरंगगढ़ के बीस भुजा कॉलोनी में मातम पसरा है और हवाओं में अभी भी उन अधूरे सपनों की सिसकियां महसूस की जा सकती हैं।



### एक अनसुलझी पहेली : आखिर क्यों?

इस दोहरी मौत ने पीछे कई अनसुलझे सवाल छोड़ दिए हैं। परिजनों और रिश्तेदारों का कहना है कि दोनों के बीच कभी कोई बड़ा विवाद नहीं देखा गया। वे एक खुशहाल जोड़े की तरह रहते थे। अगर कोई तनाव था भी, तो वह इतना गहरा कैसे हो गया कि सूरज ने अपनी उस पत्नी की जान ले ली जिससे वह बेपनाह मोहब्बत करता था? वह भी तब जब वह पिता बनने वाला था। क्या वह कोई आर्थिक तंगी थी, या कोई गुप्त मानसिक अवसाद, जो सोशल मीडिया की उन रंगीन मुस्कुराहटों के पीछे छिपा हुआ था?




## तरुण खटीक हत्याकांड को लेकर गुना में भी आक्रोश

**गुना।** दिल्ली के उत्तम नगर में तरुण खटीक की नृशंस हत्या के विरोध में आज गुना जिले के सर्व हिंदू समाज और खटीक समाज ने एकजुट होकर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। महामहिम राष्ट्रपति के नाम संबोधित यह ज्ञापन जिला प्रशासन के प्रतिनिधि को सौंपा गया, जिसमें दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की पुरजोर मांग की गई। ज्ञापन देने से पूर्व समाज के लोग बड़ी संख्या में एकत्रित हुए और आरोपियों के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान खटीक समाज के वक्ताओं ने कहा कि दिल्ली की घटना ने मानवता को शर्मसार कर दिया है। एक 6 साल की बच्ची द्वारा अनजाने में फेंके गए गुब्बारे जैसी मामूली बात पर दर्जनों लोगों का मिलकर एक युवक की जान ले लेना यह दशार्ता है कि यह कोई तात्कालिक विवाद नहीं बल्कि एक सोची-समझी साजिश थी। सर्व हिंदू समाज ने ज्ञापन के माध्यम से केंद्र सरकार और राष्ट्रपति से मांग की है कि तरुण खटीक के हत्यारों को चिह्नित कर फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से फांसी की सजा दी जाए। मृतक के परिजनों को तत्काल आर्थिक सहायता और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी प्रदान की जाए। इस हत्याकांड के पीछे की मंशा और शामिल सभी असामाजिक तत्वों की पहचान कर उन पर कठोर कार्रवाई की जाए। प्रदर्शन में उपस्थित पदाधिकारियों ने स्पष्ट संदेश दिया कि हिंदू समाज अब ऐसी कायरतापूर्ण घटनाओं पर चुप नहीं बैठेगा। यदि इस मामले में जल्द और उचित न्याय नहीं मिला, तो आंदोलन को व्यापक स्तर पर ले जाया जाएगा। खटीक समाज के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी, सर्व हिंदू समाज के प्रतिनिधि और सैकड़ों की संख्या में प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।

### राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर हत्यारों को फांसी देने की मांग की

## गुना में प्रशासन की अतिक्रमण विरोधी ताबड़तोड़ कार्रवाई

**गुना।** प्रसिद्ध धार्मिक स्थल टेकरी सरकार की ओर जाने वाले मार्ग को सुगम और चौड़ा बनाने के लिए जिला प्रशासन ने गुरुवार को बड़ी अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई को अंजाम दिया। बूढ़े बालाजी से लेकर टेकरी सरकार तक लोक निर्माण विभाग द्वारा डाली जा रही नई सड़क के निर्माण में बाधा बन रहे पक्के और कच्चे निर्माण को पूरी तरह साफ कर दिया गया।

प्रशासन ने इस कार्रवाई की तैयारी तीन दिन पहले ही पूरी कर ली थी। राजस्व और नगरपालिका की टीम ने पूरे मार्ग का सर्वे कर उन हिस्सों पर लाल निशान लगाए थे, जो सड़क की सीमा यानी अतिक्रमण के दायरे में आ रहे थे। गुरुवार को जब तहसीलदार गौरीशंकर बैरवा के निर्देशन में नगरपालिका की टीम मौके पर पहुँची, तो प्रशासन का सख्त रवैया देख हड़कंप मच गया। प्रशासनिक सख्ती का असर यह हुआ कि कार्रवाई शुरू होने से पहले ही कई जागरूक नागरिकों और दुकानदारों ने अपने फुटपाथ पर बने चबूतरे, जीने और टिन शेड खुद ही हटाना शुरू कर दिए थे। अधिकांश लोगों ने विवाद की स्थिति से बचने के लिए स्वयं ही अपने अतिक्रमण हटा लिए। हालांकि, जिन स्थानों पर अतिक्रमण नहीं हटाया गया था, वहां प्रशासन की जेसीबी मशीन चली और अवैध निमार्णों को जमींदोज कर दिया गया। दरअसल, बूढ़े बालाजी से टेकरी सरकार तक की सड़क काफी संकरी होने के कारण श्रद्धालुओं और स्थानीय निवासियों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। पीडब्ल्यूडी द्वारा अब इस रोड का चौड़ीकरण किया जा रहा है, जिससे टेकरी मंदिर जाने वाले हजारों श्रद्धालुओं को सुगम रास्ता मिल सकेगा। कार्रवाई के दौरान तहसीलदार गौरीशंकर बैरवा सहित नगरपालिका का अमला और पर्याप्त पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सड़क निर्माण के कार्य में किसी भी तरह का व्यवधान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### सड़क के लिए बूढ़े बालाजी से टेकरी तक हटाया गया अतिक्रमण

## मैरिज गार्डन में रात 10 बजे के बाद डीजे बजाने पर उपकरण जब्त




**गुना।** जिला प्रशासन द्वारा ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण पाने के लिए कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन में जिलेभर में सख्ती बरती जा रही है। इसी कड़ी में नियमों का उल्लंघन करने वाले मैरिज गार्डनों और डीजे संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी गई है। बुधवार रात शहर के एक गार्डन में तय सीमा के बाद तेज आवाज में डीजे बजाना संचालक को भारी पड़ गया। गुना शहर तहसीलदार जी.एस. बैरवा ने जानकारी देते हुए बताया कि 11 मार्च की रात लगभग 9:30 बजे प्रशासन को सूचना मिली थी कि संजोग गार्डन में तेज ध्वनि में डीजे बजाया जा रहा है। सूचना मिलते ही प्रशासनिक टीम तत्काल मौके पर पहुँची, जहाँ डीजे की आवाज निर्धारित मानकों से कहीं अधिक पाई गई। प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संगीत को तत्काल बंद कराया और डीजे वाहन के उपकरणों को जब्त कर लिया। जब्त किए गए डीजे उपकरणों को कोलाहल अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए कैंट थाना पुलिस की अभिरक्षा में सौंप दिया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि जिले में रात्रि 10 बजे के बाद किसी भी प्रकार के लाउडस्पीकर, डीजे या अन्य तेज ध्वनि वाले उपकरणों का उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित है। यदि कोई भी संचालक या आयोजक इन नियमों का उल्लंघन करता पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे ध्वनि प्रदूषण से संबंधित नियमों का कड़ाई से पालन करें, ताकि विद्यार्थियों, बुजुर्गों और मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## एनएच-46 पर भीषण सड़क हादसा : ट्रक और कार की जोरदार भिड़ंत



**गुना।** नेशनल हाईवे 46 पर राघौगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुरुवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। महाकाल पेट्रोल पंप के पास एक अनियंत्रित ट्रक और कार के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। इस दुर्घटना में कार सवार एक युवक और एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें तत्काल अस्पताल पहुँचाया गया है। हादसे का शिकार हुई युवती की पहचान वैष्णवी शाह के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, वैष्णवी अपने एक परिचित युवक के साथ कार से परीक्षा देने जा रही थी, तभी हाईवे पर ट्रक ने उनकी कार को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार अनियंत्रित होकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम भोपाल के निर्देश पर राघौगढ़ थाना क्षेत्र की डायल-112 टीम तत्काल मौके पर पहुँची। डायल-112 के स्टाफ सैनिक मुंशी लाल भील और पायलट रवि शर्मा ने घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए एंबुलेंस का इंतजार करने के बजाय अपनी एफआरवी वाहन से ही दोनों को तत्काल सांडा अस्पताल पहुँचाया।

सांडा अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद वैष्णवी की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। वहीं, कार सवार युवक का उपचार फिलहाल सांडा अस्पताल में ही जारी है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को मार्ग से हटाकर यातायात सुचारू कराया है।

## सीपीसीटी की तैयारी के लिए ई-दक्ष केंद्र में पंजीयन शुरू

**गुना।** प्रदेश शासन की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में अनिवार्य की गई कंप्यूटर प्रोफिशियेंशी सर्टिफिकेशन टेस्ट की तैयारी के लिए गुना के ई-दक्ष केंद्र में प्रशिक्षण हेतु पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। पुरानी तहसील परिसर स्थित ई-दक्ष केंद्र पर आवेदक अपना पंजीकरण करा सकते हैं। शासन द्वारा निर्धारित इस प्रशिक्षण की कुल अवधि 45 घंटे तय की गई है, जिसके लिए प्रशिक्षार्थियों को 1000 रुपये का शुल्क केंद्र पर जमा करना होगा। यह प्रशिक्षण उन युवाओं के लिए अत्यंत उपयोगी है जो शासकीय सेवाओं में कंप्यूटर दक्षता प्रमाणपत्र प्राप्त करना चाहते हैं।

## तेलघानी चौराहे पर धू-धू कर जली नगर पालिका की कचरा गाड़ी




**गुना।** शहर के व्यस्ततम तेलघानी चौराहे पर गुरुवार सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। नगर पालिका की एक नई कचरा गाड़ी में अचानक भीषण आग लग गई। गनीमत यह रही कि आग की लपटों पर समय रहते काबू पा लिया गया, अन्यथा बीच चौराहे पर कोई बड़ी अनहोनी हो सकती थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुरुवार को सुबह लगभग 8:30 बजे नगर पालिका की नई कचरा गाड़ी वार्डों से कचरा संग्रहण कर डंपिंग ग्राउंड की ओर जा रही थी। जैसे ही गाड़ी तेलघानी चौराहे पर पहुँची, इंजन के पास वायरिंग में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटें ड्राइवर के केबिन तक पहुँच गईं। आग की भयावहता देख ड्राइवर अवधेश अहिरवार ने सूझबूझ का परिचय देते हुए तुरंत गाड़ी रोकी और शोर मचा दिया। आसपास के स्थानीय दुकानदार तुरंत मदद के लिए दौड़े। दुकानदारों ने बिना वक्त गंवाए ड्रमों में पानी भरकर आग पर डालना शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया गया। ड्राइवर अवधेश ने बताया कि गाड़ी नई है और उसका मेंटेनेंस भी ठीक है, लेकिन इंजन गर्म होने या वायरिंग की खराबी के कारण अचानक आग भड़क उठी।

चूंकि गाड़ी में सूखा कचरा लदा था, इसलिए आग तेजी से फैलने लगी थी। यदि समय पर पानी नहीं डाला जाता और पूरी गाड़ी आग की चपेट में आ जाती, तो भीड़भाड़ वाले चौराहे पर स्थिति नियंत्रण से बाहर हो सकती थी।


### सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरी पक्षकार एयू स्माल फाइनेंस बैंक गुना द्वारा, श्री मोहन के हित में ऋण प्रदाय किये जाने हेतु दस्तावेज एकत्र किऐ जा रहे है, उक्त संपत्ति जो प.ह.न. 14, सर्वे क्र. 29/2/11/1/1/1 वार्ड क्र. 09 ग्राम बीनागांव, बीनागंज तहसील चांचौडा जिला गुना, क्षेत्रफल 418 वर्गफिट स्थित हैं जो कि खसरा वर्ष 2012-13 में कन्हैयालाल, अशोककुमार पुत्रगण रामचरण शिल्पकार हिस्सा 0.170 हैक्टर. अलग से इन्ही के नाम पर थी साथ ही एवं अन्य सम्पत्ति के स्वामियों के अधिपत्य पर थी जिसका कुल रक्वा 0.4170 हैक्ट, सर्व. क्र. 29/2/मिन-11 हैं कन्हैयालाल की मृत्यू के पश्चात कन्हैयालाल के वारीसान लक्ष्मीबाई पत्नि श्री कन्हैयालाल, भगवानसिंह, नारायणसिंह पुत्रगण कन्हैयालाल, उषाबाई पुत्री कन्हैयालाल के नाम पर फोती नामांत्रण स्वीकृत हुआ था इसके पष्चात नारायणसिंह पुत्र कन्हैयालाल का खसरा वर्ष 2024-25 में हिस्सा 14/281 अलग हो गया था इसके बाद नारायणसिंह के द्वारा गुलाव सिंह जादोन पुत्र श्री मछलन सिंह जादोन का क्षेत्रफल 418 वर्गफिट का विक्रय पत्र क्र. MP24IGR17352024A100053957 दिनांक 09/12/2024 से विक्रय कर दिया जिसे क्रय करने का अनुबंध किया गया है जिसे बंधक रखकर श्री मोहन द्वारा एयू स्माल फाइनेंस बैंक गुना से ऋण प्राप्त किया जा रहा हैं।

यदि उक्त सम्पत्ति पर किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था या लक्ष्मीबाई, भगवानसिंह, उषाबाई को कोई आपत्ति हो या तो आज से सात दिवस के भीतर दस्तावेज सहित मुझे से सम्पर्क करें। समय सीमा पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सूचना कर्ता-
शलभ पारीक, एड्वोकेट
31/248 आदर्श कॉलोनी गुना
फोन-9425746155



### सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरी पक्षकार **Easy Home Finance Limited** गुना द्वारा, ब्रजेश विश्वकर्मा के हित में ऋण प्रदाय किये जाने हेतु दस्तावेज एकत्र किऐ जा रहे है, उक्त प्रक्रिया में भूमि प.ह.न. 14, सर्वे न. 109/3/11/1, क्षेत्रफल 600 वर्गफीट, जो वार्ड क्र. 12 ग्राम खतोली बीनागंज तहसील चचौडा जिला गुना में स्थित हैं जो क्रेता रामभरोसा विश्वकर्मा पुत्र श्री दौलतराम विश्वकर्मा द्वारा विक्रेता कालूराम अहिरवार पुत्र श्री धन्नालाल अहिरवार से विक्रय पत्र क्र. MP24IGR17352025A100617124 दिनांक 16.07.2025 से क्रय की है, यह कि, उक्त सम्पत्ति जो कि खसरा क्र. 109/3/11/1, रकवा 0.2950 हैक्टर में सें कालूराम अहिरवार और देवचंद अहिरवार का हिस्सा 19/59 था जो दोनो की शामलाती भूमि थी, जिसमें से केवल कालूराम अहिरवार ने अपने हिस्से की भूमि में सें क्षेत्रफल 600 वर्गफीट का विक्रय रामभरोसा विश्वकर्मा को कर दिया हैं। उक्त सम्पत्ति को बंधक रखकर ब्रजेश विश्वकर्मा के हित में Easy Home Finance Limited द्वारा ऋण प्रदान किया जा रहा हैं।

यदि उक्त सम्पत्ति पर किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था या सामलाती भागीदार देवचंद्र अहिरवार को कोई आपत्ति हो या तो आज से सात दिवस के भीतर दस्तावेज सहित मुझे से सम्पर्क करें। समय सीमा पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सूचना कर्ता-
शलभ पारीक, एड्वोकेट
31/248 आदर्श कॉलोनी गुना
फोन-9425746155


**लोक अदालत** — 14 मार्च को होगा हजारों मामलों का निराकरण

# नेशनल लोक अदालत के लिए प्रचार वाहन रवाना

नवभारत न्यूज

**गुना। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निदेर्शानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमिताभ मिश्र के मार्गदर्शन में आगामी 14 मार्च 2026 को वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत का आयोजन होने जा रहा है। इस महत्वपूर्ण आयोजन के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु आज जिला न्यायालय परिसर से विशेष प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इन वाहनों में नगर पालिका और विद्युत विभाग के प्रचार वाहन भी सम्मिलित हैं।**




जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव वंदना त्रिपाठी ने बताया कि ये प्रचार वाहन पूरे गुना जिले की नगरीय सीमाओं, बाजारों और मोहल्लों का भ्रमण करेंगे। इनका मुख्य उद्देश्य आमजन को नेशनल लोक अदालत के लाभों के प्रति जागरूक करना है, ताकि लोग आपसी राजीनामे के माध्यम से न्यायालयों में लंबित अपने पुराने प्रकरणों का निराकरण करा सकें। आगामी 14 मार्च को आयोजित होने वाली इस लोक अदालत में न्याय की प्रक्रिया को सुलभ बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारी की गई है। जिला न्यायालय और तहसील न्यायालयों (राघौगढ़, चाचौड़ा एवं आरोन) के 1093 लंबित प्रकरण तथा बैंक, बिजली और नगर पालिका के 4200 प्रीलिटिगेशन प्रकरणों को निराकरण हेतु रखा गया है। मामलों के निपटारे के लिए जिला स्तर पर 15 और तहसील स्तर पर (राघौगढ़ में 5, चाचौड़ा में 3 और आरोन में 1) कुल 24 खंडपीठें गठित की गई हैं। इस अवसर पर जिला न्यायाधीश सुरेश कुमार सूर्यवंशी, ओ. पी. रघुवंशी, शैलजा गुप्ता, राधाकिशन मालवीय, सोनाली शर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मधुलिका मुले सहित अन्य न्यायाधीशगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अधिवक्ता संघ के सचिव, विद्युत एवं नगर पालिका के अधिकारी, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के अधिवक्ता और पैरालीगल वॉलेंटियर्स ने भी सहभागिता की।

**इन मामलों में मिलेगी छूट और राहत**

लोक अदालत के माध्यम से सिविल, आपराधिक, चेक बाउंस, क्लेम, भू-अर्जन और पारिवारिक विवादों जैसे राजीनामा योग्य प्रकरणों का समाधान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त बैंक, विद्युत, बीएसएनएल और नगर पालिका के जलकर व संपत्तिकर से संबंधित मामलों में भी शासन के नियमानुसार विशेष छूट प्रदान की जाएगी।




## जिला अस्पताल में मरीजों का बढ़ाया मनोबल, डायलिसिस करा रहे मरीज ने काटा केक

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निदेर्शानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर के मार्गदर्शन में गुरुवार को जिला चिकित्सालय गुना की डायलिसिस यूनिट में 'विश्व किडनी दिवस' गरिमामय तरीके से मनाया गया। इस अवसर पर किडनी स्वास्थ्य जागरूकता के साथ-साथ मरीज सम्मान कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य मरीजों को मानसिक संबल प्रदान करना और समाज को इस गंभीर बीमारी के प्रति सचेत करना था।

कार्यक्रम का सबसे भावुक और प्रेरणादायक क्षण वह था जब वर्ष 2010 से निरंतर डायलिसिस करा रहे मरीज श्री सुरेश सैनी के साथ विशेष उत्सव मनाया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर ने सुरेश सैनी से केक कटवाकर उनके जीवटता और संघर्ष का सम्मान किया।